एनएमआरसी ने की एनएसइजेड कंपनियों के साथ बैठक

बैठक को संबोधित करते एनएमआरसी के कार्यकारी निदेशक पीडी उपाध्याय ● जागरण

जासं, नोएडा : नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) ने एनएसइजेड में संचालित कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान एक्वा लाइन की मेट्रो सेवा को और बेहतर करने पर चर्चा की गई। कंपनियों से करीब 40 लोग मौजूद रहे। सभी ने अधिक किराया, सेक्टर 52 व 51 में कनेक्टिविटी, सेक्टर 142 से बोटेनिकल गार्डन की कनेक्टिविटी करने को लेकर बातें कहीं। इस पर एनएमआरसी से अधिकारियों ने कहा कि सेक्टर 51 व 52 की कनेक्टिविटी के लिए दोनों स्टेशनों के बीच डेडिकेटेड पाथवे बना हुआ है। इसके साथ ही निशुल्क ई-रिक्शा की सुविधा यात्रियों के लिए दी गई हैं। बैठक में एनएमआरसी के कार्यकारी निदेशक पीडी उपाध्याय, महाप्रबंधक मनोज वाजपेयी, सहायक महाप्रबंधक रजनीश पांडे, डेवलपमेंट कमिश्नर एनएसइजेड एलबी सिंघल, एसएस शुक्ला ज्वाइंट डेवलपमेंट कमिश्नर एनएसइजेड, अजय गोयल अध्यक्ष एनएसइजेड एंटरप्रिन्योर्स आदि मौजूद रहे।